वर्ष- 02 अंक- 210
छपरा
21 जून शनिवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन पांचवी बार टला

ISS पर सुरक्षा जांच के चलते पोस्टपोन हुआ, नई तारीख का ऐलान नहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी ढ्ढस्स्‌ ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन पांचवी बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ISS की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सियम मिशन 4 (A&-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

शुभांशु ISS पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

## राजनाथ सिंह SCO की मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे



**नई दिल्ली/बीजिंग,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे।

यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं।

यह दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब भारत और चीन के बीच रिश्ते सामान्य करने की कोशिशें चल रही हैं। व्यापार, यात्रा और संवाद फिर से शुरू हो चुके हैं।

कैलाश मानसरोवर यात्रा चालू है और डेपसांग और डेमचोक में गश्त की जानकारी भी सामने आई है।

**राजनाथ की चीनी रक्षा मंत्री से द्विपक्षीय वार्ता होगी :** राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में सड़क हादसा, 9 लोगों की मौत, सभी झारखंड के रहने वाले थे

**पुरुलिया,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में पुरुलिया के बलरामपुर थानांतर्गत नामशोल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग झारखंड के रहने वाले थे। हादसा जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाइवे 18 पर हुआ। पुलिस के अनुसार, बलरामपुर की ओर से आ रहे एक ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन पलट गए। स्थानीय लोगों और बलरामपुर पुलिस ने बोलेरो सवार 9 लोगों को लहूलुहान हालत में निकाला और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना का शिकार हुए बोलेरो सवार लोग झारखंड के निमड़ी इलाके से पुरुलिया शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।मृतकों में बृहस्पति महत, गुरुपद महत, शंकर महत, विजय महत, अजय महत, कृष्णा महत, स्वपन महत शामिल हैं। ये सभी झारखंड के निमड़ी थाना अंतर्गत तिलैतन गांव के रहने वाले थे। इसके अलावा निमड़ी थानांतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी चंद्रमोहन महत और मुरू गांव निवासी चितरंजन महत की भी दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी 9 शवों को बरामद कर लिया गया है।दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए ट्रेलर चालक और उसके सहायक की तलाश की जा रही है।

### लालटेन-पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास

# सीवान में प्रधानंत्री बोले- आरजेडी बाबा साहेब को पैरों में रखती है, मैं दिल में रखता हूं

**सीवान,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी सीवान के जसौली में कहा कि- आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। नौजवानों ने बिहार की बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। 35 मिनट के भाषण में पीएम ने कहा कि RJD वालों ने बाबा साहेब की तस्वीर के साथ क्या किया था। बिहार में पोस्टर लगे हैं। माफी मांगों, लेकिन ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे। इनके अंदर दलित और अति पिछड़ों के लिए कोई सम्मान नहीं है। RJD बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है।



RJD-कांग्रेस के कारनामे बिहार विरोधी हैं। निवेश विरोधी हैं। अपने मुंह से ये लोग विकास की बात करते हैं तो लोगों को दुकान, मकान सब जगह ताले लटकते दिखाई देते हैं। ये लोग बिहार में माफिया राज, गुंडा, राज और भ्रष्टाचार के पोषक रहे हैं।

बोले- मैं जब आप लोगों के बीच से आ रहा था, अभी कल ही बारिश हुई, सुबह भी थोड़ी बारिश हुई, इसके बावजूद भी इतनी बड़ी मात्रा में आपका आना हमें आशीर्वाद देना, मैं आपका ह्रदय से जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है।

भाइयों-बहनों जैसे आप सब जानते हैं, मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। इस दौर में मेरी दुनिया के बड़े-बड़े समृद्ध देशों के नेताओं से बात हुई। सारे नेता भारत की तेज प्रगत से बहुत प्रभावित हैं। वो भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनते देख रहे हैं, और निश्चत तौर पर बिहार की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में भी बड़ी भूमिका निभाएगा। मैं बिहार वासियों को विश्वास देने आया हूं कि, हमने बहुत कुछ किया है, लेकिन इतने से शांत होकर चुप रहने वाला मोदी नहीं है। अब बहुत कर लिया, जी नहीं। मुझे तो बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है। आपके लिए करना है। यहां के गांव-गांव के लिए करना है। यहां के घर-घर के लिए करना है। यहां के हर नौजवान के लिए करना है। अगर मैं सिर्फ बीते दस-ग्यारह साल की बात करूं तो इन दस वर्षों में बिहार में करीब 55 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनी हैं। डेढ़ करोड़ से ज्यादा घरों को बिजली के कनेक्शन से जोड़ा गया है। डेढ़ करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन दिया है। 45 हजार से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर बनाए गए हैं।

### 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया

इससे पहले प्रधानमंत्री ने प्रदेश के 51 हजार लोगों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त सौंपी। वैशाली में नई रेल लाइन और पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की। पटना में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बने STP का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सीवान से करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

### अफ्रीका में बिहार की जय-जयकार होगी


पंजे और लालटेन ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। आज पहला इंजन अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अफ्रीका में भी बिहार का जय-जयकार होने वाला है। मढ़ौरा में इसकी फैक्ट्री है। ये फैक्ट्री उसी जिले में बनी है, जिसे RJD और कांग्रेस वालों ने पिछड़ा कहकर अपने हाल पर छोड़ दिया था। जंगलराज वालों ने बिहार का विकास इंजन ठप कर दिया। अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा। हमारा नारा सबका साथ-सबका विकास, लालटेन वाले कहते हैं- परिवार का साथ, परिवार का विकास बिहार में हम नई शुरुआत करने जा रहे हैं। सावन खुलने से पहले बाबा हरिहरनाथ की धरती बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है।

## श्रीखंड यात्रा के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, फिटनेस टेस्ट जरूरी

### 10 जुलाई को पहला जत्था जाएगा, रोजाना 800 श्रद्धालु भेजेंगे ; 4 ग्लेशियर पार करने होंगे

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल में मशहूर श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल शुरू कर दिया गया है। 10 से 23 जुलाई तक चलने वाली इस धार्मिक यात्रा के लिए भगवान भोले के भक्त आज से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। बिना पंजीकरण किसी को भी यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं होगी। श्रीखंड जाने के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना अनिवार्य होगा, क्योंकि इस यात्रा को दुनिया की सबसे खतरनाक ट्रैकिंग वाली धार्मिक यात्राओं में से एक माना जाता है। इसमें श्रद्धालुओं को 32 किलोमीटर संकरे रास्ते से पैदल चलना पड़ता है। इस दौरान उन्हें बर्फ के 4 ग्लेशियर और चट्टाननुमा पहाड़ियां पार करनी पड़ती हैं श्रीखंड की चोटी समुद्र तल से 18 हजार 570 फीट की ऊंचाई पर होने से ऑक्सीजन की कमी भी होती है।

**श्रीखंड को लेकर श्रद्धालुओं की मान्यता :** मान्यता है कि श्रीखंड की चोटी पर भगवान शिव का वास है। यहां शिला के रूप में 72 फीट ऊंचा शिवलिंग है। यहां पहुंचकर श्रद्धालु इसकी परिक्रमा और पूजा




करते हैं। इससे उन्हें मनवांछित फल मिलता है और उनकी इच्छा पूरी होती है।

**10 जुलाई को पहला जत्था रवाना होगा :** 10 जुलाई को श्रद्धालुओं का पहला जत्था श्रीखंड के लिए रवाना होगा। इस बार एक दिन में 800-800 श्रद्धालु यात्रा पर रवाना किए जाएंगे। इससे ज्यादा श्रद्धालुओं को एक दिन में श्रीखंड नहीं भेजा जाएगा। बीते साल तक एक ही दिन में 3000 से 3500 श्रद्धालु भी यात्रा पर निकलते थे। इससे भीड़ ज्यादा बढ़ जाती थी।



## इजराइल में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी ईरानी मिसाइल

### 6 घायल; अमेरिका बोला- ईरान परमाणु बम बनाने के करीब, सिर्फ खामेनेई के आदेश का इंतजार



**तेहरान/तेल अवीव,एजेंसी।** ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा।

7 दिन की लड़ाई में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हैं।



## गुजरात-महाराष्ट्र में भारी बारिश, घरों-दुकानों में पानी भरा

### यूपी में बिजली गिरने से 10 की मौत ; 3 दिन में दिल्ली-हरियाणा पहुंचेगा मानसून

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मानसून ने बीते दो दिन में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में एंट्री ले ली है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ-सीतापुर में पूरी रात रुक-रुककर बारिश हुई। अमेठी में इतनी बारिश हुई कि स्क्र ऑफिस और गौरीगंज कोतवाली में पानी भर गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने SP ऑफिस से पानी निकाला। वहीं, बिजली गिरने से 24 घंटे में 10 लोगों की मौत हो गई।

मानसून की एंट्री के बाद भी राजस्थान के कुछ इलाकों में गर्मी बनी



हुई है। जैसलमेर में 44.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर समेत घाटी के कई इलाकों में भी गुरुवार का दिन सबसे गर्म रहा। यहां पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग ने आज पूर्वी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य महाराष्ट्र, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मानसून के अगले 2-3 दिनों में दिल्ली और हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है।

**महाराष्ट्र में नदियां खतरे के निशान से ऊपर, रायगढ़ में स्कूल-कॉलेज बंद :** मौसम विभाग ने गुरुवार रात महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया, क्योंकि राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। इसके चलते कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रायगढ़ में अंबा और कुंडलिका नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। वहीं, पातालगंगा नदी के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। रत्नागिरी में जगबूदी नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। एहतियात के तौर पर रायगढ़ जिले में सभी स्कूल और कॉलेज आज के लिए बंद कर दिए गए हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र में इंद्रायणी और कुछ दूसरी नदियों में बाढ़ आ गई है। नासिक में गोदावरी नदी भारी बारिश के कारण उफान पर है। यहां कई मंदिर गोदावरी के पानी में डूब गए हैं।

## दो से तीन साल में सेना को मिल जाएगी हाइपरसोनिक मिसाइल; किसी रडार की पकड़ में नहीं आएगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दावा किया कि ध्वनि की गति से भी पांच गुना तेज रफ्तार वाली हाइपरसोनिक मिसाइल भारत को अगले दो से तीन साल में मिल जाएगी। भारत ने पहली बार आधिकारिक रूप से कहा है कि दो से तीन साल में इसे सेना में शामिल कर लिया जाएगा। इसकी जद में पूरा पाकिस्तान जबकि आधा चीन आ जाएगा। डीआरडीओ के प्रमुख डॉ समीर वी कामत ने एक समाचार चैनल के साथ बातचीत में कहा, भारत हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है। हम इस दिशा में शुरुआती सफलताएं हासिल कर चुके हैं। अगले दो से तीन साल में इसका अंतिम परीक्षण पूरा हो जाएगा और फिर इसे सेना में शामिल कर लिया जाएगा। कामत ने कहा, यह



मिसाइल हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल पर आधारित है, जिसका भारत ने 2020 में ही सफल परीक्षण कर लिया था। पिछले साल नवंबर में ओडिशा में डीआरडीओ ने पहली बार लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया। हाल ही में डीआरडीओ ने इस मिसाइल के लिए 1000 सेकंड तक स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण किया है। यह इंजन हवा से ही ऑक्सीजन लेकर ईंधन जलाता है और पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यह क्रूज मिसाइल है, जो बेहद कम ऊंचाई पर इतनी तेज गति से उड़ान भरती है कि इसे राडार के जरिए ट्रैक नहीं किया जा सकता। जाहिर है इसी वजह से इसे नष्ट भी नहीं किया जा सकता।

**6000 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार :** इसकी रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक सामान्य विमान से भारत से अमेरिकी की करीब 12,500 किलोमीटर की दूरी तय करने में जहां 16 घंटे से अधिक लगते हैं वहीं हाइपरसोनिक मिसाइल यही दूरी दो घंटे से कुछ अधिक समय में तय कर सकती है। अभी जो मिसाइल भारत बना रहा है उसकी गति 6174 (ध्वनि की गति 1234 किलोमीटर प्रति घंटा है) किलोमीटर प्रति घंटा जबकि मारक रेंज 2,000 किलोमीटर तक हो सकती है।

## रहना है निरोग तो करें योग- डॉ. अनिल कुमार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व छपरा के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं संजीवनी नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा, जीवन में यदि स्वास्थ्य है, तो सब कुछ है। पहला सुख ङ्क निरोगी काया। डॉ. अनिल ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल देते हुए कहा कि योग सिर्फ एक क्रिया नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखती है। उन्होंने कहा, योग को केवल दिखावे या फोटो खिंचवाने के लिए न करें, बल्कि अपने जीवन को स्वस्थ्य, सुखी और सफल बनाने के लिए इसे अपनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्ति चाहे कितना भी धनी क्यों न हो, यदि उसका स्वास्थ्य अच्छा नहीं है, तो वह जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित रहता है। स्वास्थ्य ही जीवन की कुंजी है। जब शरीर स्वस्थ रहता है, तभी मन प्रसन्न रहता है और व्यक्ति समाज व परिवार के लिए उपयोगी सिद्ध होता है, उन्होंने कहा।डॉ. अनिल कुमार ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और नशा, तनाव व बीमारियों से दूर रहें।इस अंतरराष्टीय योग दिवस पर आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि योग को अपनाकर एक स्वस्थ भारत का निर्माण करें।



## दुकान से समान खरीदने गई किशोरी हुई गायब

**परसा (सारण)।** घर से दुकान समान खरीदने गई किशोरी को एक युवक द्वारा बाइक से भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है । मामला विशुनपुर गांव की है । पीड़िता विशुनपुर निवासी अपहृता की मां मालती देवी ने परसा थाने में आवेदन देकर गांव के ही आकाश कुमार को आरोपित किया है ।उसने कहा है कि गत 18 जून को मेरी पुत्री दुकान से समान खरीदने के लिए गांव में निकली थी तभी गांव के ही आकाश कुमार ने मेरी पुत्री को बाइक से लेकर भगा ले गया है।

## मशरक में अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए।पहले घटना में मशरक सहाजितपुर मुख्य सड़क पर बाइक दुर्घटना में घायल श्रीकांत तिवारी का 35 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार घायल हो गए। घायल ने बताया कि वे बाइक पर सवार होकर मार्केटिंग करने सहाजितपुर जा रहा था कि मगुरहा पंप के पास बाइक दुर्घटना हो गई जिसमें वे घायल हो गए। वहीं मशरक के खजुरी और चांद कुदरिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में 4 लोग घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायलों का चिकित्सक अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में खजुरी गांव से स्व इदरिश मियां की 45 वर्षीय पत्नी मैमुल खातून, 40 वर्षीय इम्तियाज अहमद और उनकी पत्नी 30 वर्षीय अमिरा खातून शामिल हैं। घायलों ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई है। वहीं चांद कुदरिया गांव में भी स्व शंभू राय की पत्नी सविता कुंवर भी घायल हालत में इलाज के लिए भर्ती कराए गए।

## बीमारी की वजह से की नाबालिग बेटी की शादी –प्रेमी के साथ गई लड़की की मां बोली– दबाव बनाकर सुप्रीम कोर्ट में गलत बयान दिलवाया जा रहा

फुलवारीशरीफ, पटना,एजेंसी। पटना में एक नाबालिग लड़की के सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाने के बाद उसकी मां ने नई बात सामने रखी है। मां ने बताया कि उन्हें टीबी है और पति भी बीमार हैं। इसी वजह से उन्होंने बेटी की शादी साढ़े 16 साल की उम्र में की थी। मां ने बताया कि उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। वह अपने जीते जी सभी बेटियों की शादी करना चाहती हैं। उन्होंने 9 दिसंबर 2024 को बेटी की शादी आरा के एक प्राइवेट जॉब करने वाले लड़के से की थी। 31 मार्च 2025 को मैट्रिक का रिजल्ट आने के बाद बेटी मिठाई लेने बाजार गई थी। तब से वह लापता है। खोजबीन के बाद पता चला कि बेटी डेढ़ साल से मनेर के माधोपुर निवासी सौरभ कुमार से इंस्टाग्राम पर बात करती थी।

**4 अप्रैल 2025 को दर्ज कराया था मामला :** मां ने 4 अप्रैल 2025 को पटना के पिपलावा थाना में बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया। उनका आरोप है कि सौरभ और उसके परिवार ने बेटी का अपहरण किया है। अब उस पर दबाव बनाकर सुप्रीम कोर्ट में गलत बयान दिलवाया जा रहा है। मां ने बेटी की जान को खतरा बताया है। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 2 दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले में उन्होंने कुछ लोगों को नामजद किया है। लगातार छापेमारी की जा रही है। कई लोगों से पूछताछ भी की है। कई लोगों के मोबाइल के लोकेशन को सर्विलांस पर रखा गया है। जो भी लोग इस मामले में संलिप्त पाए जाएंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, बच्ची ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर अपनी शादी को रद्द करने का गुहार लगाई है। बच्ची का यह मानना है कि अभी उसकी उम्र 16 वर्ष है। उसकी शादी एक 32 वर्ष के युवक से जबरन कर दी गई है।

**शादी को रद्द करने की दायर की है याचिका :** बच्ची ने अपनी शादी को बाल विवाह करार देते हुए न्यायालय से इसे रद्द करने का गुहार लगाइए। अपने याचिका में बच्ची ने आरोप लगाया है कि उनके पति द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। अभी वह पढ़ लिखकर कुछ बनना चाहती है। बच्ची ने यह भी आरोप लगाया है की शादी के बाद उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। जिससे वह ससुराल नहीं जाना चाहती है। वह अपनी जिंदगी नए तरीके से जीने के लिए 31 मार्च को अपने एक दोस्त सौरभ के साथ वह घर से भागी थी। सौरभ ने उसकी काफी मदद की है।

कोर्ट ने दिल्ली और बिहार पुलिस को जारी किया है नोटिसः अपनी मां के दायर किए गए अपहरण मामला को गलत बताते हुए कहा कि परिवार के लोग यह चाहते हैं कि दबाव में आकर वह वापस ससुराल लौट जाए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद दिल्ली और बिहार पुलिस को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने लड़की और उसकी मदद करने वाले उनके दोस्त को सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होने की बात बताई गई है।

## मोतिहारी में बोलेरो से 30 किलो गांजा जब्त, पुलिस ने वाहन के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, 10 लाख कीमत

मोतिहारी,एजेंसी। मोतिहारी में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान में हरसिद्धि पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बोलेरो से 30 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया है। हरसिद्धि थाना के अपर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि छपवा से अरेराज की तरफ बोलेरो में मादक पदार्थ की तस्करी हो रही है। मोतिहारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। पुलिस ने सेवरहा चौक पर वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध बोलेरो को रोका। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में गाड़ी की तलाशी ली गई। डिक्की से सात पैकेटों में गांजा मिला। पुलिस ने गाड़ी चालक सुभाष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह पश्चिमी चंपारण जिले के मैना टांड़ थाना क्षेत्र के भालूअहिया गांव का रहने वाला है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गिनी गणराज्य के लिए पहली रेल इंजन को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सारण जिला के मढ़ौरा स्थित अमेरीकी कम्पनी वेबटेक कॉर्पोरेशन लोकोमोटिव कारखाना से पहली इंजन को पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर अफ्रीकी देश गिनी गणराज्य के लिए रवाना किया। मढ़ौरा से तैयार रेल इंजन अफ्रीकन देश गिनी गणराज्य के सिमांडौ परियोजना के भेजी जानी हैं। पहली बार फैक्ट्री से बाहर निकली नीले रंग और आकर्षक डिजाइन में बनी इंजन ने अपनी चाल और गति से भी सभी को प्रभावित किया है। यह लोकोमोटिव इंजन मढ़ौरा से गिनी गणराज्य में सिमांडों परियोजना के रेल संचालन के लिए भेजा जाएगा। सिमांडों परियोजना गिनी के दक्षिण-पूर्व स्थित अफ्रीका की सबसे बड़ी खनन व बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं मे एक हैं। इस परियोजना का उद्देश्य सिमांडौ परियोजना को वैश्विक स्तर से जोड़ना है। इसके साथ ही गिनी गणराज्य के लोगों के लिए यह एक अवसर प्रदान करना हैं।





**गिनी गणराज्य के लिए निकला पहला इंजन :** पीएम के हरी झंडी के बाद पहला सिम्फर लोकोमोटिव उत्पादन लाइन से निकल गया अब यह गिनी गणराज्य की ओर अग्रसर है। यह लोकोमोटिव गिनी गणराज्य के ट्रांसगिनी रेलवे परियोजना खदान से उच्च-ग्रेड के लौह अयस्क को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में सहायक साबित होगा। इस आधुनिक इंजन के निर्माण में लगे अमेरीकी कम्पनी वेबटेक कॉर्पोरेशन लोकोमोटिव के योगदान और इस अद्वितीय परियोजना में निभाई जा रही इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हैं।

**वैश्विक पहचान में टीम की भूमिका महत्वपूर्ण :** यह लोकोमोटिव वैश्विक टीम की मेहनत का नतीजा है। इस लोकोमोटिव को सिमांडौ प्रोजेक्ट के लिए खास तौर पर डिजाइन और बनाया गया है। ये इंजन खनिजों के ढुलाई और निर्यात में मदद करेंगी। इससे गिनी गणराज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और यह लोकोमोटिव इंजन इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर के जरिए लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करेगी।

**सिमांडौ की पहाड़ों में मिलता है सबसे अच्छा लौह अयस्क :**ऐसा माना जाता है कि सिमांडौ के पहाड़ के जमीन के नीचे दुनिया के सबसे अच्छी लौह अयस्क पाया जाता है। यहां लगभग 1.5 अरब टन उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क मौजूद है। इस प्रोजेक्ट में 600 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन भी बनाई जा रही है। जो खदान को गिनी के फोरेकारियाह इलाके को तटीय बंदरगाह से जोड़ेगी। इसमें अंतरराष्टीय निवेश और ढांचागत विकास, गिनी के लिए आर्थिक विकास और बदलाव का बड़ा मौका है। इस परियोजना के लिए सारण जिला के मढ़ौरा स्थित अमेरीकी कम्पनी वेबटेक कॉर्पोरेशन से 4500 हार्स पावर की इंजन की सप्लाई की जाएगी ।

**143 इंजन अफ्रीकन देश गिनी को होगा सप्लाई :** मढ़ौरा रेल डीजल इंजन फैक्ट्री को पहली बार विदेशी आर्डर मिला है। इसके तहत इस फैक्ट्री से अफ्रीकी देश गिनी गणराज्य को 4500 हॉर्स पावर के करीब 143 अत्याधुनिक रेल डीजल इंजन सप्लाई होगा। मढ़ौरा रेल फैक्ट्री भारतीय रेल और अमेरिकी कंपनी वेबटेक की संयुक्त उपक्रम है। यह फैक्ट्री मेक इन इंडिया के तहत यहां स्थापित की गई है। यह फैक्ट्री बेहतर इंजन निर्माण के कारण वैश्विक पहचान बना रही है।

**इंजन का रंग और डिजाइन है विशेष :**जिला के मढ़ौरा में अफ्रिकी देश गिनी गणराज्य के लिए बन रहा 4500 हॉर्स पावर रेल इंजन कॉमा विशेष है। इस इंजन का नीला, फिरोजी रंग विशेष है जो इसे अलग लूक प्रदान करता है। अफ्रीकी देश गिनी में नीले रंग का विशेष महत्व रहा है। यह रंग अफ्रीकी देश गिनी के राष्टीय झंडे का भी हिस्सा है। सनातन संस्कृति में नीला रंग को शांति, विश्वास और स्थिरता का परिचायक माना जाता है। गिनी में नीला रंग पृथ्वी और समुद्र का प्रतिनिधित्व करता है। यह रंग शांति, समृद्धि और सद्भाव को जोड़ता है। इन्ही कारणों से अफ्रीकी देश गिनी की मांग पर मढ़ौरा से निर्यात कोमा नामक इस लोकोमोटिव इंजन का रंग विशेष तौर पर नीला रखा गया है ।

## नगर के 70 लाभुकों को मिला शहरी आवास योजना की निर्मित घर की चाबी




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मढ़ौरा नगर पंचायत के 70 लाभूकों को उनके सपनों की घर की चाबी सौंपी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिवान के जसौली जनसभा से पीएम आवास योजना के लाभूक को घर की चाबी उपलब्ध करा कर इसकी शुरुआत की गई। इसके साथ मढ़ौरा नगर पंचायत के सभागार में एक कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम निधि राज, डीएसपी नरेश पासवान, मुख्य पार्षद रूबी सिंह, ईओ बबलू कुमार ने 70 लाभूकों को उनके घर की चाबी सौंप कर गृहप्रवेश कराया गया।? एसडीएम निधि राज ने कहा कि अपना घर होना प्रत्येक व्यक्ति का एक सपना है। प्रधानमंत्री आवास योजना उनके सपनों को पूरा कर रहा है। डीएसपी नरेश पासवान ने कहा कि अपना घर होना एक बड़ी बात है, सरकार की योजना से बड़ी संख्या में कमजोर लोगों का घर बन रहा है। मुख्य पार्षद रूबी सिंह ने गृहप्रवेश कर रहे लाभूको को उनके नए घर की शुभकामना दी। कहा कि नपं प्रशासन नगर क्षेत्र में आवास विहीन सभी लोगों को उनका अपना घर हो इसके लिए लगातार काम कर रहा है। ईओ बबलू कुमार ने कहा कि विभागीय निर्देश पर नगर क्षेत्र में अपना घर बना चूके विभिन्न वार्ड के 70 लाभुकों को उनके घर की चाबी सौंपी गई हैं । इसके पूर्व ईओ बबलू कुमार सभी अतिथि अधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। ईओ ने कहा कि आवास योजना में कोई राशि नहीं ली जाती है। लाभूक को रुपये मांग कर ठगी करने वालों से सावधान रहना है। कोई राशि की मांग करता है तो इसकी शिकायत दर्ज करानी है।

## महंत दुर्गा दास एवं राम मौनी दास ने बाबा हरिहरनाथ क़े किया रुद्राभिषेक

दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।उदासीन सम्प्रदाय के मुखिया महंत दुर्गा दास एवं राम मौनी दास ने शुक्रवार क़े विश्व प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर के गर्भगृह में रुद्राभिषेक किया।मंदिर के अर्चक पवन शास्त्री ने विधि विधान के साथ अनुष्ठान पूर्ण कराया। इस अवसर पर हरिद्वार सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे उदासीन संतों ने बाबा हरिहरनाथ का दर्शन -पूजन किया और बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।उदासीन संतों ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर के लघु मंडपों में स्थापित देवी - देवताओं का भी दर्शन किया। उत्तराखंड के हरिद्वार के सुप्रसिद्ध उदासीन सम्प्रदाय के मुखिया महंत दुर्गादास एवं राममौनी दास ने पुजा करने क़े उपरांत दर्जनों श्रद्धालुओं को कहा कि मध्यकाल में जब भारतीय समाज देवताओं की पूजा आदि को लेकर बंट गया था तब उदासीन संप्रदाय के श्रीचंदजी महाराज ने पंच देवोपासना का विधान बनाकर हिन्दू समाज को संगठित किया। संत द्वय ने श्रीचन्द्र पंच देवोपासना पर जोर देते हुए कहा कि इसमें श्रीगणेश, महेश, सूर्य, शक्ति और विष्णु की उपासना का विधान था।वास्तव में सभी देवताओं की पूजा उसी एक परमेश्वर की पूजा है।श्रीचंद्र ने भारत में ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी अहिंसक तरीके से हिंदू धर्म का प्रचार - प्रसार किया। यहां क़े हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित उदासीन संप्रदाय के सुप्रसिद्ध लोकसेवा आश्रम में पिछले नौ दिनों से जारी प्रवास के दौरान उन्होंने उपरोक्त बातें कहीं। श्रीचंद्र जी महाराज के आदर्शों एवं पद चिन्हों पर आज हम सभी उदासीन सम्प्रदाय को उत्थान एवं विस्तार के लिए अलख जगाने का काम कर रहे है।श्रीचंद्र जी महाराज वैदिक कर्म कांड के पूर्ण समर्थक थे। उन्होंने कहा कि श्रीगुरू अविनाशी मुनि उदासीन संप्रदाय के 164वें आचार्य हुए थे। इस क्रम में आचार्य श्रीचन्द्र जी महराज 165 जी रहे ।उन्होंने बताया कि गुरू अविनाशी मुनि सनातन धर्म एवं उदासीन संप्रदाय के जनजागरण और समाजोत्थान के निमित्त राजस्थान के अजमेर में अवतरित हुए। बाल्यकाल से ही संतों के प्रति परम स्नेह के कारण छोटी अवस्था में ही संन्यास ग्रहण कर लिया। घोर एकांतिक तपस्यायुक्त जीवन व्यतीत करने के पश्चात भारतीय समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए देशव्यापी भ्रमण किया।अरावली पहाड़ियों पर अवस्थित जीर्णशीर्ण मंदिरों को धर्म धर्म तथा सांस्कृतिक केंद्रों के संरक्षण और नवनिर्माण का संकल्प लिया।काश्मीर यात्रा के दौरान आचार्य श्रीचन्द्र जी को उदासीन दीक्षा प्रदान कर भारतोद्वार की प्रेरणा दी।

### अंतर्राष्टीय योग दिवस : सोनपुर नखास खेल मैदान में सुबह 6 :30 बजे नि :शुल्क योगाभ्यास आज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अंतर्राष्टीय योग दिवस क़े अवसर पर आज (शनिवार) हाजीपुर सहजयोग संस्था के द्वारा निः शुल्क सहज योग आत्म साक्षात्कार का कार्यक्रम सोनपुर नखास खेल मैदान में सुबह 6¬30 बजे होने जा रहा है जिसमे सहज योग परम पूज्य श्री माता जी निर्मला देवी द्वारा विकसित ध्यान का विज्ञान क़े रूप में इसका अभ्यास 160 से अधिक देशों में किया जा रहा है और इसमें जाति, पंथ, धर्म, आय आदि का कोई बंधन नहीं है। यह पूरी तरह से वैज्ञानिक है और इसके लिए कोई शुल्क नहीं है। श्री देवी ने कहीं कि प्रत्येक मनुष्य अपने अंदर एक सूक्ष्म तंत्र लेकर पैदा होता है, जिसे जब आत्म-साक्षात्कार (कुंडलिनी जागरण) की प्रक्रिया के माध्यम से जागृत किया जाता है, तो हम ईश्वर के साथ सहज मिलन प्राप्त करते हैं और संपूर्ण सृष्टि में ईश्वर के प्रभाव का मूर्त रूप बन जाते हैं। आप अपनी हथेलियों, उंगलियों के अंत में और अपने सिर के ऊपर (लिम्बिक क्षेत्र) पर दिव्य शक्ति को फैलते हुए महसूस करना शुरू करते हैं। मनुष्य सहयोग का नित्य अभ्यास करने से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं तनाव और चिंता स्वतः कम हो जाती है। जीवन में आधुनिक चुनौतियों (जैसे चिंता, आक्रामकता, शारीरिक संघर्ष, अवसाद, आदि) को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। बौद्धिक रूप से केंद्रित, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास बढ़ता है। अच्छी और संतुलित नींद आती है। धूम्रपान, शराब पीना, आँखें मूँदना आदि बुरी आदतें स्वतः ठीक हो जाती हैं।पारिवारिक जीवन जीते हुए भी आध्यात्मिक अवस्थाओं का आनंद लिया जा सकता है।सहज योग का अभ्यास कैसे की जाती है इसकी जानकारी देने के लिए यह लोग उपस्थित रहेंगे अजय चौधरी, आदित्य राज, बी.पी.सिंह, रेनू सिन्हा।


## राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल के तीसरे दिन बारिश में भी हुए रोमांचक मैच

### सभी लीग मुकाबले जीत कर बिहार की टीम पहुंची प्री क्वार्टर में



**दैनिक खोज खबर/नवादा।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवम नवादा जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित 47 वी राष्टीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बारिश पर भारी पड़ा खिलाड़ियो का हौसला । सभी टीमो ने अपनी अपनी लीग मैच में जीत के लिए जमकर पसीना बहाया। नवादा के कुंती नगर अवस्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के क्रीड़ा मैदान में 18 से 22 जून तक चलने वाली ऐतिहासिक खेल प्रतियोगिता को देखने के लिए स्थानीय खेल प्रेमियों की भीड़ भी बारिश के बावजूद जुटी रही । तीसरे दिन खेल के दौरान खिलाड़ियो से हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ प्रीतपाल सिंह सलूजा , मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह , सचिव शैलेश सिंह , अलखदेव यादव , बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार , महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , श्रवण कुमार बरनवाल , नवादा जिला हैंडबॉल के सचिव डॉ आर पी साहू ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया।

**खेले गए मैच के परिणाम –** बिहार ने अपने लीग के पहले मैच में असम को पराजित करने के बाद दूसरे मैच में कर्नाटक को 15 - 03 जबकि लीग के आखिरी एवम तीसरे मैच में गुजरात को 12 - 04 गोल के अंतर से पराजित कर विजय अभियान जारी रखा । बिहार टीम से मानसी और सोनी ने 3 - 3 गोल किया जबकि मुस्कान एवम रुचि ने दो दो गोल किया। जबकि एमपी ने उड़ीसा को 3 - 1 गोल से , हरियाणा ने राजस्थान को 11 - 09 गोल से , चंडीगढ़ ने झारखंड की 9 - 1 से, तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 9 - 6 गोल के अंतर से , गुजरात ने कर्नाटक को 12 - 01 से , पंजाब ने छतीसगढ़ को 12 - कि01गोल से , त्रिपुरा ने चंडीगढ़ को 7 - 4 गोल के अंतर से , राजस्थान ने दादर नागर हवेली को 6 - 5 गोल से पराजित किया। अपने लीग के सभी मैच जीत बिहार सहित 16 टीम प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची।



## राजद राज्य परिषद के दुबारा सदस्य बनाये गये चन्देश्वर प्रसाद राय

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर राजद के बरिये नेता चंदेश्वर प्रसाद राय को प्रदेश राजद ने दोबारा राज्य परिषद का सदस्य मनोनीत किया है .इनके मनोनय पर इसुआपुर राजद में खुशी की लहर व्याप्त हो गई है. इस बाबत चंदेश्वर प्रसाद राय ने कहा कि वह लालू यादव के सच्चे सिपाही हैं. जब से राजद बना है तब से राजद के लिए कार्य किया है.उन्होंने कहा कि उनके नेता तेजस्वी यादव जो कहेंगे जैसा कहेंगे उसके लिए वे तैयार है .उनके मनोनय पर पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुधांशु रंजन ,रामबाबू राय राज परिषद सदस्य ,सुमेर राय ,चंचल प्रसाद,महातम राय, दुलारचंद राय, रामेश्वर शर्मा ,राजेश राय ,सुनील चौरसिया ,आशुतोष कुमार,अखिलेश यादव, राजकुमार राय ,पूर्व मुखिया अच्छेलाल राय, सुरेन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार, मुन्ना प्रसाद, आदि ने शुभकामनाएं दी है।



## रेलवे कालोनी से युवक का शव बरामद

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित रेलवे कालोनी से शुक्रवार को अज्ञात एक युवक का शव पुलिस ने बरामद की। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फल मंडी के पास स्थित रेलवे कालोनी में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जहां नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद की। शव की जांच की तो कुछ भी बरामद नही हुआ। इसके बाद उसे कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा शव शवगृह में रखा गया है। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि एक युवक का शव बरामद किया गया हैं। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## अनियंत्रित स्कार्पियो विद्युत पोल से टकराई, चालक फरार

**बड़हरिया (सिवान)** थाना क्षेत्र के बड़हरिया-सिवान मुख्य मार्ग पर शहवाचक गांव में शुक्रवार की देर शाम एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकराई गई। इस घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वहीं स्कार्पियो में सवार लोग बाल-बाल बच गए। इस घटना में गाड़ी का अगला हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि स्कार्पियो में चालक समेत तीन-चार लोग सवार होकर कहीं जा रहे थे। तभी स्कार्पियो शहवाचक गांव में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल में टकरा गई। इस दौरान विद्युत पोल टूटकर नीचे गिर पड़ा। इस घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। संयोग रहा कि स्कार्पियो में सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के संजीव कुमार घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। विद्युत पोल गिरने की सूचना विद्युत विभाग को दे दी गई है।

## दहेज हत्या मामले में आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिवान।** जामो थाना क्षेत्र के भलुई में 18 जून की रात्रि एक विवाहिता की दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में शव की पहचान गांव के ही दिलीप शर्मा की पत्नी सविता देवी के रूप में हुई थी। इस मामले में मृतका के भाई आशीष कुमार के आवेदन पर प्राथमिकी कराई गई है। इसमें सविता देवी के पति दिलीप शर्मा, पुतुल देवी, सुगंती देवी, गीता देवी, सरस्वती देवी, लक्की देवी को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई के लिए शुक्रवार को न्यायालय में प्रेषित कर दिया। प्राथमिकी में मृतका के भाई आशीष कुमार ने आरोप लगाया है कि मेरी बहन सविता देवी की शादी भलुई निवासी दिलीप शर्मा के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के एक साल बाद पति तथा उसके स्वजन द्वारा दहेज के रूप में दो लाख रुपये एवं एक बुलेट बाइक की की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर मेरी बहन को प्रताड़ित करने लगे। इसकी सूचना मेरी बहन देती थी। उसके ससुराल वालों को काफी समझाया गया। इसके बावजूद अंत में मांग पूरी नहीं होने पर उक्त लोगों ने 18 जून की रात मेरी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि आरोपितों में दिलीप शर्मा, पुतुल देवी, माधोपुर निवासी सुगंती देवी, जामो जगदीशपुर निवासी गीता देवी, बसंतपुर की सरस्वती देवी, गोपालगंज के सफियावाद निवासी लक्की देवी शामिल हैं।

## सर्पदंश से दो महिला अचेत

**सिसवन (सिवान)** । थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को सर्पदंश से दो महिला अचेत हो गई। दोनों महिलाओं को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिलाओं में सुवही निवासी शिवधर यादव की पत्नी रीना देवी व माधोपुर ट्रेनवा निवासी अर्जुन यादव की पत्नी प्रमिला देवी शामिल हैं।

## बाइक से धक्का लगने से महिला सहित दो घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भागर में बाइक से धक्का लगने से एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में भागर निवासी विष्णुदेव राम की पत्नी रामवती देवी व बाइक चालक गुलाबचंद प्रसाद का पुत्र मुक्तेश्वर प्रसाद शामिल हैं।

## दवा दुकानदार की बाइक चोरीभगवानपुर हाट

**(सिवान)।**थाना मुख्यालय स्थित भगवानपुर-मोरा पथ पर धमई नदी के पूर्वी छोर स्थित एक दवा दुकान के समीप खड़ी दवा दुकानदार की बाइक गुरुवार की शाम अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इस मामले में बाइक मालिक फिरोज अहमद फरीदी ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सीएम नीतीश कुमार का काफिला जाम में फंसा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जानकारी के अनुसार खराब मौसम के कारण सीएम नीतीश कुमार हेलीकाप्टर से पटना नहीं गए। एक ही गाड़ी में सीएम नीतीश कुमार व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सड़क मार्ग से पटना के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम स्थल से लगभग एक किलोमीटर आगे बढ़े तो उनका काफिला जाम में फंस गया। दर्जनों से अधिक जवान उनकी गाड़ी को स्काट कर रहे थे। सीएम के काफिला के पीछे उपेंद्र कुशवाहा और अगे गिरिराज सिंह का काफिला चल रहा था।

## मानसून की पहली बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** नगर पंचायत में शुक्रवार को मानसून की पहली बारिश ने लोगो को भीषण गर्मी से राहत तो दी लेकिन नगर पंचायत की भी पोल खोल दी है। हल्की बारिश मे ही नगर पंचायत के कई मुहल्लों की नाले नालियां उफान गए। जिससे मुख्य सड़क पर जलभराव हो गया। सड़क पर जलजमाव व कीचड़ की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मांझी बनवार मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत के प्रसिद्ध जलाल बाबा मजार के अलावे कई सड़को पर जल जमाव से पैदल चलने लायक नहीं हैं। सड़को पर इतना कीचड़ हो गया कि लोगो को घर से बाहर निकलने में काफी परेशानी हो रही हैं। नगर पंचायत की कई मुहल्लों की गलियां नाली के पानी से लबालब हो गई।

## पंचायत उपचुनाव : नामांकन के छठे व अंतिम दिन नौ अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के विभिन्न पंचायतों में रिक्त पड़े सीटों पर उपचुनाव को ले शुक्रवार को अंतिम दिन भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रही। इस दौरान महाराजगंज से चार, भगवानपुर हाट से एक तथा दारौंदा से चार अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। जबकि हसनपुरा में नामांकन के अंतिम दिन एक भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार 21 से 23 जून तक नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इस उप चुनाव में नामांकन किए अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 24 जून है। इसके बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। मतदान की तिथि नौ जुलाई निर्धारित है जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी। जानकारी के अनुसार महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय में जिला परिषद क्षेत्र संख्या 31 के लिए नामांकन चार अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जिला परिषद क्षेत्र संख्या 31 के उप चुनाव के लिए अंतिम दिन नामांकन करने वालों में वलिस्टर राम, गोपालजी अकेला, अक्षयलाल राम, अभिषेक कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। भगवानपुर हाट प्रखंड क्षेत्र में रिक्त पड़े कुल पांच पदों पर नामांकन करने का अंतिम दिन शुक्रवार को एकमात्र प्रत्याशी खेढ़वां पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र संख्या पांच से संजय गुप्ता ने पर्चा दाखिल किया। इन पांच पदों के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन तक कुल छह प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए हैं। इनमें खेढ़वां पंचायत के पंचायत समिति क्षेत्र संख्या पांच से दो प्रत्याशी तारकेश्वर महतो एवं संजय गुप्ता, मीरजुमला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य 13 से दो प्रत्याशी बेबी देवी व उमेश कुमार, खेढ़वां पंचायत के वार्ड संख्या नौ के लिए एकमात्र प्रत्याशी माया देवी तथा बड़कागांव पंचायत के वार्ड संख्या दो से एकमात्र प्रत्याशी सलाउद्दीन अंसारी ने पर्चा दाखिल किया है। एआरओ राकेश कुमार ने बताया कि अबतक कुल पांच पदों के कुल छह प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। पर्चा दाखिल करने के अंतिम समय तक ब्रह्मस्थान ग्राम कचहरी के क्षेत्र संख्या 12 के पंच पद के लिए किसी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया है। वहीं पंचायत उपचुनाव को ले हसनपुरा राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। वहीं नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए एक भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। इसके पहले नामांकन में पकड़ी पंचायत से मुखिया पद के लिए पांच तथा सहुली पंचायत से भी पांच अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है। जबकि रजनपुरा पंचायत के सरपंच पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है।

वहीं दारौंदा के विभिन्न पंचायतों में पंच पद के लिए चार में तीन एवं एक वार्ड सदस्य के लिए कुल चार नामांकन दाखिल किया गया। जबकि एक पिनर्थु खुर्द पंचायत में पंच का एक पद रिक्त रह गया। नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन शुक्रवार को अंतिम दिन कुल चार अभ्यर्थी नामांकन दाखिल किए। इस संबंध में सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पूनम दीक्षित ने बताया कि करसौत पंचायत के वार्ड संख्या 10 में पंच पद के लिए अल्ला मांझी, हड़सर पंचायत के वार्ड संख्या 15 में महेश कुमार यादव तथा रमसापुर पंचायत के वार्ड संख्या एक में गोविंदा कुमार साह ने नामांकन दाखिल किया जबकि पिनर्थु खुर्द पंचायत के वार्ड संख्या सात में किसी उम्मीदवार द्वारा नामांकन नहीं करने से यह पद पुनः रिक्त रह गया। कौथुआ-सारंगपुर पंचायत के वार्ड संख्या तीन में वार्ड सदस्य के लिए आशा देवी ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 21 से 23 जून के बीच होगी, जबकि नाम वापसी की तिथि 24 और 25 जून तय की गई है। हालांकि सभी चारों पद पर एक- एक ही अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल किया है। जांच के बाद यहां निर्विरोध निर्वाचित हो सकते हैं।

## मारपीट में युवक घायल लकड़ी नबीगंज

**(सिवान)** । थाना क्षेत्र बाला गांव में शुक्रवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक का इलाज नबीगंज अस्पताल में कराया गया। घायल की पहचान मुनीलाल बिंद के पुत्र मंटू बिंद के रूप में हुई है।

## पावन संगम की धरती, ये प्रयागराज है.... सुनाकर लोगों में भर दिया भक्ति का रंग

परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचरुखी प्रखंड के जसौली खर्ग में आयोजित भ्रमण कार्यक्रम के शुरू होने से पूर्व भोजपुरी के लोक गायक आलोक कुमार ने एक से बढ़कर एक भक्ति व देशभक्ति गीत सुनाकर लोगों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने अपना लोकप्रिय गीत प्रथम यज्ञ भूखंड धरा पर आर्य का आगाज है, है पावन संगम की धरती, ये प्रयागराज है सुनाकर लोगों में भक्ति का अलख जगा दिया। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किए, जिसे सुनकर लोगों को आपरेशन सिंदूर की याद ताजा हो गई।

## सीजीटीएमएसई लोन लेने के लिए मार्जिन मनी ना होने के कारण प्रोजेक्ट चार साल से पेंडिंग

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान सीजीटीएमएसई लोन लेने के लिए मार्जिन मनी ना होने के कारण प्रोजेक्ट चार साल से पेंडिंग होने की बात एक उद्यमी ने बताई। उसने अपने हाथों में इससे संबंधित होर्डिंग दिखाकर प्रधानमंत्री से अपनी बात बताना चाह रहा था। लेकिन भाजपा के नेताओं व पुलिस प्रशासन की टीम ने उसे रोक दिया। साथ ही उसके हाथों से होर्डिंग छीन ली और उसे बाहर का रास्ता भी दिखा दिया। हालांकि उक्त उद्यमी अपनी बातों पर अड़ा रहा।

## मांझी के नए थानाध्यक्ष के रूप में अविनाश कुमार झा ने ग्रहण किया पदभार

**दैनिक खोज खबर /मांझी(सारण)।** मांझी के नए थानाध्यक्ष के रूप में अविनाश कुमार झा ने शुक्रवार को योगदान किया। प्रभारी थानाध्यक्ष पुअनि प्रवीण कुमार से प्रभार ग्रहण कर नवपदस्थापित थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के सामाजिक परिवेश एवम भौगोलिक स्थिति की विधिवत जानकारी ली। पुलिसकर्मियों से बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण एवं अवैध शराब के धंधे पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बिहार तथा उत्तर प्रदेश की सीमा क्षेत्र स्थित मांझी थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ साथ अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना मांझी पुलिस के लिए चुनौती बना रहता है। उन्होंने थाना क्षेत्र के मुबारकपुर, महम्मदपुर, सिंगही मठिया, नचाप, ताजपुर, कटोखर, डुमाईगढ़,नगर पंचायत के प्रसिद्ध रामघाट,मांझी पुराना रेलवे स्टेशन,नया रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। उन्होंने सभी से क्षेत्र में शांति, भाईचारा व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बताते चलें कि श्री झा इससे पहले छपरा यातायात प्रभारी के पद पर तैनात थे तथा पूर्व थानाध्यक्ष अमित कुमार के निलंबन के पश्चात सारण के एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने उन्हें माँझी का थानाध्यक्ष बनाया है।





## योगा दिवस के पूर्व संध्या भारत स्काउट और गाइड ने निकाली जागरुकता रैली

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुधमार्ग पटना द्वारा छपरा शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा में आयोजित राज्य स्तरीय योगा उत्सव के तीसरे दिन योगा दिवस के पूर्व संध्या पूरे शहर में योगा पे जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे बिहार के सभी जिले से आए हुए तमाम स्काउट और गाइड के द्वारा नारे लगाए गए।लगभग 550 के संख्या में भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवको के द्वारा राहगीरों को जागरूक किया गया।जागरूकता रैली सीपीएस से निकलकर राजेन्द्र सरोवर होते हुए दरोगा राय चौक,थाना चौक, डाकबंग्ला चौराहा,नगरपालिका चौक होते हुए सीपीएस आके सम्पन्न हुआ।जागरूकता रैली को शिविर स्थल सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा से राज्य सचिव बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुधमार्ग पटना श्रीनीवास कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा के रवाना किया गया। मौके पे जिला संगठन आयुक्त स्काउट सारण अमन राज,गाइड रीतिका सिंह सहित विभिन्न जिले से आए हुए स्काउट और गाइड, स्काउटर गाइडर महजूद रहे।

## कालाजार उन्मूलन को लेकर की-इनफार्मर का होगा उन्मुखीकरण

*जिले के सभी प्रखंडों के की-इनफार्मर को किया जायेगा प्रशिक्षित*

*चार प्रखंडों में पिरामल फाउंडेशन देगा तकनीकी सहयोग*

*कालाजार उन्मूलन लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत*

*जिला वीबीडीसी ने जारी किया पत्र*

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब कालजार उन्मूलन को लेकर की-इनफार्मर का क्षमतावर्धन किया जायेगा। की-इनफार्मर - यानी आशा कार्यकर्ता, ग्रामीण चिकित्सक, स्थानीय दवा दुकानदार, पूर्व मरीज और पंचायत प्रतिनिधि - वे प्रमुख लोग हैं जो समुदाय स्तर पर कालाजार के लक्षणों की पहचान कर शुरुआती चरण में ही स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हैं। इन्हें सशक्त बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में की-इनफार्मर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा माइक्रो-प्लान तैयार किया गया है।

**कालाजार मरीजों की पहचान कर ससमय इलाज कराना आवश्यक:** इसको लेकर जिला वीबीडीसी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त कालाजार उन्मूलन को आगे भी उसी स्तर पर बनाएं रखने के लिए कालाजार के छिपे हुए मरीजों को जल्द से जल्द पहचान कर ससमय इलाज करवाना काफी महत्वपूर्ण है। जिससे संक्रमण को रोका जा सके। इसके लिए की-इनफार्मरों की उन्मुखीकरण काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कालाज़ार को जड़ से मिटाने के लिए जरूरी है कि हम उसके प्रत्येक संदिग्ध लक्षण की समय पर पहचान करें और प्रभावी उपचार को प्राथमिकता दें।

**समुदाय आधारित निगरानी को मिलेगी मजबूती :** इस पहल से समुदाय आधारित निगरानी प्रणाली को मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर सक्रिय की-इनफार्मर ग्रामीणों को बीमारी के प्रति जागरूक करेंगे और संभावित मामलों को तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाने का काम करेंगे। इससे न केवल कालाजार के मामलों में कमी आएगी बल्कि बीमारी के पुनः प्रकोप की संभावना भी न्यूनतम होगी। आम नागरिकों से अपील की है कि वे बुखार या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। इसके साथ ही की-इनफार्मरों के कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि सारण जिला कालाजार मुक्त बन सके।

**चार प्रखंडों में पिरामल को मिली जिम्मेदारी :** जिले के चार प्रखंडों में की-इनफार्मर को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी पिरामल फाउंडेशन को दी गयी है। जहां पर पिरामल के प्रतिनिधि तकनीक सहयोग कर की-इनफार्मर को प्रशिक्षित करेंगे। जिले के दरियापुर, एकमा, दिघवारा और छपरा सदर में 25-25 की-इनफार्मर को ट्रेनिंग दिया जायेगा।

### क्या है कालाजार ?

कालाजार एक गंभीर परजीवी रोग है जो विशेष प्रकार की बालू मक्खी के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में लंबे समय तक बुखार, वजन में कमी, कमजोरी, तिल्ली और यकृत का बढ़ना शामिल हैं। समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा हो सकता है। हालांकि, अब इसका प्रभावी और सस्ता इलाज उपलब्ध है।



# मुझे बिहार के नौजवानों पर भरोसा हैं, हम सभी मिलकर बिहार का प्राचीन गौरव फिर लौटाएंगे: नरेन्द्र मोदी



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सिवान।** रऊआ सब लोगन के प्रणाम कर तानी। बाबा महेंद्र नाथ, बाबा हंसनाथ, सोहगरा धाम, मां थावे भवानी, मां अंबिका भवानी, प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद अऊरी लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पावन भूमि पर रऊआ सब के अभिनंदन कर तानी। मेरे प्यारे बिहार के भाइयों और बहनों, सिवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। यह हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। सिवान ने राजेंद्र बाबू जैसी महान संतान देश को दी। संविधान निर्माण से लेकर देश को दिशा दिखाने में राजेंद्र बाबू की बहुत बड़ी भूमिका रही। सिवान ने ब्रज किशोर प्रसाद जी जैसी महान समाज सुधारक भी देश को दिए। ब्रजबाबू ने महिला सशक्तिकरण को अपने जीवन का मकसद बनाया था। उक्त बातें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सिवान जिले के पचरुखी के जसौली में संबोधन के प्रारंभ में कहीं।

आगे उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है ऐसी ही महान आत्माओं के जीवन मिशन को एनडीए की यह डबल इंजन सरकार दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ा रही है। आज का यह कार्यक्रम इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। आज इस मंच से हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। विकास की ये सारी परियोजनाएं बिहार को उज्ज्वल भविष्य की तरफ ले जाएगी, समृद्ध बिहार बनाएगी। सिवान, सासाराम, बक्सर, मोतिहारी, बेतिया और आरा जैसे बिहार के सारे इलाके फलें-फूलें, इस दिशा में ये प्रोजेक्ट बड़ी भूमिका निभाएंगे। इनसे गरीब, वंचित, दलित, महादलित, पिछड़े, अति पिछड़े, हर समाज का जीवन आसान होगा। मैं बिहार की जनता को, आप सभी को इन प्रोजेक्ट्स के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं अभी जब आप लोगों के बीच से आ रहा था, अभी कल ही बारिश हुई। सुबह भी थोड़ा बारिश का लाभ आया, इसके बावजूद भी इतनी बड़ी मात्रा में आपका आना, हमें आशीर्वाद देना, मैं आपका हृदय से जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है।

जैसा आप सब जानते हैं, मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। इस दौरे में मेरी दुनिया के बड़े-बड़े समृद्ध देशों के नेताओं से बात हुई। सारे नेता भारत की तेज प्रगति से बहुत प्रभावित हैं। वो भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनते देख रहे हैं और निश्चित तौर पर इसमें बिहार की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में भी बड़ी भूमिका निभाएगा।

मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें बहुत अंदाजा नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।

बिहार के रहने वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी बात होती है, उसका स्वाभिमान। मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वह कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई की गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है और मैं बिहारवासियों को विश्वास देने आया हूं, हमने भले ही बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे, लेकिन इतने से शांत होकर के चुप रहने वाला मोदी नहीं है, अब बहुत हो गया, बहुत कर लिया जी नहीं, मुझे तो बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है, आपके लिए करना है, यहां के गांव-गांव के लिए करना है, यहां के घर-घर के लिए करना है, यहां के हर नौजवान के लिए करना है। अगर मैं सिर्फ बीते 10-11 साल की बात करूं तो इन 10 वर्षों में बिहार में करीब 55 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनी हैं, डेढ़ करोड़ से ज्यादा घरों को बिजली के कनेक्शन से जोड़ा गया है, डेढ़ करोड़ लोगों को, वहां के घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया है, 45 हजार से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर्स बनाए गए हैं, आज बिहार के छोटे-छोटे शहरों में नए-नए स्टार्ट-अप्स खुल रहे हैं।

बिहार की प्रगति की ये गति लगातार बढ़ती है, इसको बढ़ाते रहना है और इसी समय बिहार में जंगलराज लाने वाले मौका देख रहे हैं कि किसी भी तरह फिर से अपने पुराने कारनामे करने का मौका ढूंढ रहे हैं। बिहार के आर्थिक संसाधनों पर कब्जा करें, इसके लिए वो तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं, इसलिए मेरे बिहार के प्यारे भाइयों-बहनों, आप के उज्ज्वल भविष्य के लिए, आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए, आपको बहुत ही सतर्क रहना है। समृद्ध बिहार की यात्रा पर ब्रेक लगाने के लिए तैयार बैठे लोगों को कोसों दूर रखना है।

गरीबी हटाओ के नारे हमारे देश ने दशकों तक सुने हैं, आपकी दो-दो, तीन-तीन पीढ़ी ने गरीबी हटाओ ! गरीबी हटाओ ! हर चुनाव में, ये आकर के बोलते थे। लेकिन जब आपने हमें मौका दिया, एनडीए को मौका दिया, तो एनडीए सरकार ने दिखाया है कि गरीबी कम भी हो सकती है। बीते एक दशक में रिकॉर्ड 25 करोड़ भारतीयों ने गरीबी को पराजित किया है। वर्ल्ड बैंक जैसी दुनिया की जानी-मानी संस्थाएं, भारत की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा कर रही हैं। और भारत ने जो ये कमाल किया है, इसमें बिहार का यहां हमारे नीतीश जी की सरकार का बहुत बड़ा योगदान है। पहले बिहार की आधे से अधिक आबादी, बहुत अधिक गरीब की श्रेणी में आती थी। लेकिन बीते दशक में बिहार के करीब पौने चार करोड़ साथियों ने खुद को गरीबी से मुक्त किया है।

आज़ादी के इतने दशकों तक भी इतने लोग गरीब थे, नारे गूंजते रहे, गरीबी बढ़ती रही और ये इसलिए नहीं हुआ कि बिहार के लोगों की मेहनत में कोई कमी थी, देशवासियों की मेहनत में कोई कमी थी। बल्कि इसलिए क्योंकि इनके सामने आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं था। लंबे समय तक कांग्रेस के लाइसेंस राज ने देश को गरीब रखा और गरीब को अति गरीबी में धकेल दिया। जब हर चीज के लिए कोटा-परमिट फिक्स था। छोटे-छोटे काम करने के लिए परमिट चाहिए होता था। कांग्रेस-ऋ्छ्ष्ठ के राज में गरीब को घर नहीं मिलता था, राशन, बिचौलिए खा जाते थे, इलाज गरीब की पहुंच से दूर था, पढ़ाई और कमाई के लिए संघर्ष था, बिजली-पानी का एक कनेक्शन लगाने के लिए ही सरकारी दफ्तरों के अनगिनत चक्कर लगाने पड़ते थे। गैस कनेक्शन के लिए सांसदों की सिफारिश लगानी पड़ती थी। नौकरी बिना घूस, बिना सिफारिश के मिलती ही नहीं थी। और इसके सबसे बड़े भुक्तभोगी कौन थे, इनमें से ज्यादातर साथी मेरे दलित समाज के, महादलित समाज के, पिछड़े समाज के, अति पिछड़े समाज के यही मेरे भाई-बहन इसके शिकार हुए थे। इन्हें गरीबी हटाने का सपना दिखाकर खुद कुछ परिवार करोड़पति-अरबपति हो गए।

बीते 11 वर्षों से हमारी सरकार, गरीब के रास्ते की हर मुश्किल को दूर करने में जुटी है और आगे भी करती रहेगी और इतनी मेहनत करते हैं, तब ऐसे अच्छे परिणाम आज देखने को मिल रहे हैं। अब जैसे गरीबों के लिए आवास हैं, अभी जिन परिवारों को मुझे आवास की चाबी देने का मुझे मौका मिला, वह इतने आशीर्वाद दे रहे थे, उनके चेहरे पर इतना संतोष था, भाव-विभोर थे।

बीते दशक में देशभर में चार करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर मिल चुके हैं। मैं आपको पूछूं, जवाब देंगे आप लोग? मैं अगर पूछूं, तो आप जवाब देंगे? मैंने अभी कहा, चार करोड़ लोगों को यानी चार करोड़ परिवारों को पक्के घर, कितने लोगों को, जरा जोर से बोलिए कितने लोगों को? चार करोड़! आप कल्पना कीजिए, चार करोड़ लोगों को पक्के घर मिलना, सिर्फ वह चार दीवारें नहीं हैं, उन घरों में सपने सजते हैं, उन घरों में संकल्प पलते हैं। आने वाले समय में तीन करोड़ और पक्के घर तैयार होने जा रहे हैं। मैंने पहले कहा ना, सेवा के काम में मैं रुकने वाला नहीं हूं। जितना हुआ, पहले वालों से बहुत अच्छा हुआ, फिर भी मोदी चैन की नींद नहीं सोएगा, वह दिन-रात काम करता रहेगा, आपके लिए करता रहेगा क्योंकि आप मेरे परिवार के सदस्य हैं और मेरे परिवार का एक भी सदस्य पीछे न रहे, दुखिया न रहे, यह मैं सपना लेकर के चला हूं। इसका बहुत अधिक फायदा बिहार के मेरे गरीब भाई-बहन, दलित भाई-बहन, महादलित भाई-बहन, पिछड़े भाई-बहन, अति पिछड़े भाई-बहन, ये सारी जो योजनाएं चला रहा हूं, सबसे पहले फायदा इनको मिल रहा है। बिहार में पीएम आवास योजना से 57 लाख से ज्यादा पक्के घर बने हैं। यहां सिवान जिले में भी गरीबों के एक लाख दस हजार से ज्यादा पक्के घर बन चुके हैं, मैं एक जिले की बात बोल रहा हूं और ये काम निरंतर जारी है। आज भी बिहार के 50 हज़ार से अधिक परिवारों के लिए घर की किश्त जारी की गई है। और जानते हैं, मेरे लिए दोहरी खुशी किस बात की है? ये घर ज्यादातर माताओं-बहनों के नाम पर हैं, मेरी जिन बहनों-बेटियों के नाम पर कभी कोई भी संपत्ति नहीं होती थी, अब वो अपने घर की मालकिन बन रही हैं।

हमारी सरकार घर के साथ-साथ मुफ्त राशन, बिजली और पानी की सुविधा भी दे रही है। बीते सालों में देशभर में 12 करोड़ से अधिक नए परिवारों के घर नल पहुंचा है। इसमें सिवान के भी साढ़े चार लाख से अधिक परिवारों को पहली बार नल से जल मिला है। गांवों में हर घर में नल हो, शहरों में पीने के लिए पर्याप्त पानी हो, हम इस लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। बीते सालों में बिहार के अनेक शहरों के लिए पानी की पाइप लाइन और सीवेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट बनाए गए। अब दर्जनों और शहरों के लिए पाइप लाइन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स स्वीकृत किए गए हैं। ये सारे प्रोजेक्ट, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का जीवन और बेहतर बनाएंगे।

आरजेडी-कांग्रेस की करतूतें, इनके कारनामे, बिहार विरोधी हैं, निवेश विरोधी हैं। जब भी अपने मुंह से ये लोग विकास की बात करते हैं, तो लोगों को दुकान-कारोबार, उद्योग-धंधे, सब में ताले लटकते नजर आते हैं। इसलिए, ये बिहार के नौजवानों के दिल में कभी भी जगह नहीं बना पाए। ये लोग, बेहाल इंफ्रास्ट्रक्चर, माफिया राज, गुंडाराज और भ्रष्टाचार के पोषक रहे हैं। बिहार का प्रतिभाशाली नौजवान आज जमीन पर होने वाले काम देख रहा है, उसे परख रहा है। एनडीए, कैसा बिहार बना रही है, इसका उदाहरण मढ़ौरा रेल फैक्ट्री है। आज मढ़ौरा की लोकोमोटिव फैक्ट्री से पहला इंजन, अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। यह आप ही का जाएगा, वहां की गाड़ी को खींचेगा। आप सोचिए, अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार होने वाली है। ये फैक्ट्री उसी सारण जिले में बनी है, जिसको पंजे और आरजेडी वालों ने पिछड़ा कहकर अपने हाल पर छोड़ दिया था। आज ये जिला दुनिया के मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट मैप पर अपनी जगह बना चुका है। जंगलराज वालों ने तो बिहार का विकास इंजन ही ठप कर दिया था, अब बिहार में बना इंजन, अफ्रीका की रेल चलाएगा। ये बहुत बड़े गर्व की बात है, मुझे पक्का विश्वास है बिहार, मेड इन इंडिया का एक बड़ा सेंटर बनेगा। यहां का मखाना, यहां के फल-सब्जियां तो बाहर जाएंगी ही, बिहार के कारखानों में बनने वाला सामान भी दुनिया के बाज़ारों तक पहुंचेगा। बिहार के नौजवान जो सामान बनाएंगे, वो आत्मनिर्भर भारत को ताकत देगा।

इसमें बिहार में बन रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत काम आएगा। आज बिहार में रोड, रेल, हवाई यात्रा और जलमार्ग, हर प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व निवेश हो रहा है। बिहार को लगातार नई ट्रेनें मिल रही हैं। यहां वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें चल रही हैं। आज हम एक और बड़ी शुरुआत करने जा रहे हैं। सावन शुरु होने से पहले आज बाबा हरिहरनाथ की धरती, वंदे भारत ट्रेन से बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। पटना से गोरखपुर की नई वंदे भारत ट्रेन, पूर्वांचल के शिव भक्तों को मिली नई सवारी है। ये ट्रेन भगवान बुद्ध की तपोभूमि को, उनकी महापरिनिर्वाण भूमि कुशीनगर से जोड़ने का भी माध्यम है।

ऐसे प्रयासों से बिहार में उद्योग-धंधों को तो बल मिलेगा ही, इससे पर्यटन को सबसे अधिक फायदा होगा। इससे दुनिया के टूरिज्म मैप में भी बिहार और अधिक निखर कर सामने आएगा। यानी बिहार के नौजवानों के लिए रोजगार के अनगिनत अवसर बनने वाले हैं।

देश में सबको आगे बढ़ने के अवसर मिले, किसी के साथ भी भेदभाव न हो, ये हमारे संविधान की भावना है। हम भी इसी भाव से कहते हैं- सबका साथ, सबका विकास। लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं- परिवार का साथ, परिवार का विकास। हम कहते हैं- सबका साथ, सबका विकास। वह कहते हैं- परिवार का साथ, परिवार का विकास। इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है। अपने-अपने परिवारों के हित के लिए ये देश के, बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। खुद बाबा साहेब अंबेडकर भी इस प्रकार की राजनीति के बिल्कुल खिलाफ थे। इसलिए ये लोग कदम-कदम पर बाबा साहेब का अपमान करते हैं। अभी पूरे देश ने देखा है कि आरजेडी वालों ने बाबा साहेब की तस्वीर के साथ क्या व्यवहार किया हैं। मैं देख रहा था, बिहार में पोस्टर लगे हैं कि बाबा साहेब के अपमान पर माफी मांगो, लेकिन मैं जानता हूं, ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे, क्योंकि इन लोगों के मन में दलित, महादलित, पिछड़े, अति पिछड़े के प्रति कोई सम्मान नहीं है। आरजेडी और कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर को पैरों में रखती है, जबकि मोदी बाबा साहेब अंबेडकर को अपने दिल में रखता है। बाबा साहेब का अपमान करके ये लोग खुद को बाबा साहेब से भी बड़ा दिखाना चाहते हैं। बिहार के लोग बाबा साहेब का ये अपमान कभी नहीं भूलेंगे।बिहार की तेज प्रगति के लिए जो लॉन्चिंग पैड चाहिए, वो नीतीश जी के प्रयासों से तैयार हो चुका है। अब एनडीए को मिलकर, बिहार को तरक्की की नई बुलंदी देनी है। मुझे बिहार के नौजवानों पर भरोसा है, हम सभी मिलकर बिहार का प्राचीन गौरव फिर लौटाएंगे, बिहार को विकसित भारत का मजबूत इंजन बनाएंगे, इसी विश्वास के साथ, आप सभी को विकास कार्यों की फिर से अनेक-अनेक शुभकामनाएं।




## हनुमान का रूप धारण कर दे रहे थे विश्व शांति का संदेश

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान कई आकर्षक झांकियां भी देखने को मिली। एक युवक हनुमान का रूप धारण कर उपस्थित लोगों को विश्व शांति का संदेश दे रहा था। साथ ही गत माह में हुए आपरेशन सिंदूर की भी याद दिला रहा था। युवक भारत माता की जय, जय श्रीराम व मोदी-मोदी का नारा लगा रहा था। पूरे कार्यक्रम के दौरान वह आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोग उक्त युवक के साथ सेल्फी भी ले रहे थे। ऐसा लग रहा था मानों विशाल जनसभा में जीवंतता आ गई हो।

### हाथों में आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा लेकर लहरा रहे थे लोग

पीएम मोदी की जनसभा में उपस्थित लोग अपने हाथों में आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा लेकर लहरा रहे थे। क्या बच्चें, क्या बूढ़े और जवान, सभी के हाथों में तिरंगा लहराता दिख रहा था। सभी प्रधानमंत्री की एक झलक देखने के लिए आतुर दिखे।

## पचरुखी : महिलाएं एक-दूसरे की साड़ी का पल्लू बांधकर पहुंची सभा स्थल



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सिवान।** । पचरुखी थाना क्षेत्र के जसौली खर्ग गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने के लिए भारी संख्या में महिलाएं पहुंची थीं। उक्त सभी महिलाओं को बस से चांप ढाला ओवर ब्रिज पर ही उतर दिया गया था। जहां से कार्यक्रम स्थल की दूरी करीब आठ किलोमीटर के आसपास थी। इसके बाद भी महिलाएं पैदल ही कार्यक्रम स्थल के लिए चल पड़ी। हालांकि उनके लिए बीच-बीच पानी व भोजन की व्यवस्था थी। वहीं सभा स्थल से चांप ओवर ब्रिज तक वाहनों का लंबी कतार लगी हुई थी। सभी वाहनों को सड़क के दोनों तरफ खड़ा कर दिया गया था। सैकड़ों वाहनों के सड़क किनारे खड़ा होने के कारण कार्यक्रम समाप्ति के बाद काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी भीड़ के कारण वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हुई। वहीं कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के दौरान भी वाहनों को ओवरब्रिज के पास रोक दिया गया और वहां से लोग पैदल जसौली खर्ग पहुंचे। सभा स्थल पर पहुंचने के दौरान महिलाएं एक एक-दूसरे की साड़ी का पल्लू बांध रखी थीं, ताकि उनका साथ ही कहीं छूट ना जाए।

**मुस्लिम महिला भी हुई शामिल :** बता दें कि पीएम के कार्यक्रम में काफी संख्या में मुस्लिम महिला शामिल हुई थी। चांप ढाला से पैदल ये मुस्लिम महिलाओं की टोली कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुई थी। वहीं पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चांप गांव से ही बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गोपालगंज सांसद डा. आलोक कुमार सुमन सहित अन्य बड़ें-बड़े नेता अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ पैदल ही चल दिए थे। इससे कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद हो रहा था।

**लगाया गया था मेडिकल कैंप :** सभा स्थल पर आने वाली सड़कों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया था। जहां पर लोगों को निःशुल्क दवा दी जा रही थी, लोग अपनी अपनी परेशानी बता कर चिकित्सकों से दवाएं भी ले रहे थे। वहीं सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स की तैनाती की गई थी। जो सभी स्थल पर आने वाले सभी मार्ग पर तैनात थी।

## मोदी– मोदी के उद्घोष के साथ हजारों कार्यकर्ता पहुंचे जसौली

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** मोदी- मोदी के नारे के साथ शुक्रवार को जसौली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। आरबीजीआर महाविद्यालय से भाजपा नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ियों के साथ कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वहीं काजी बाजार से भाजपा नेत्री सुप्रिया जायसवाल के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता रवाना हुईं। मोहन बाजार से भाजपा नेता मनीष सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का हुजूम कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ता मोदी-मोदी का नारा लगा रहे थे। इधर तक्कीपुर से राहुल सिंह, इंदौली से शैलू यादव, जगदीशपुर से विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता का दल जसौली पहुंचा पीएम का भाषण सुना। सभी में पीएम के कार्यक्रम को लेकर उत्साह था।

### शहर में नहीं दिखी चहल पहल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के जसौली में शुक्रवार को आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सिवान की रफ्तार थम गई। शहर में जहां प्रतिदिन प्रत्येक चौक-चौराहे पर घंटों जाम की समस्या रहती हैं आज सभी चौक-चौराहे सुने दिख रहे थे। अन्य दिनों की तरह आज सड़क पर काफी कम ही लोग आवागमन करते हुए दिखाई दिया। इस कारण शहर में कहीं जाम नहीं लगा। शहर के बबुनिया चौक, अस्पताल मोड़, दरबार मोड़, जेपी चौक, गोपालगंज चौक, बड़ी मस्जिद, कचहरी रेलवे स्टेशन, सुदर्शन चौक, सिसवन ढाला समेत अन्य जगहों पर कम ही लोग आवागमन करते दिखाई दिया। अन्य दिनों की तरह चहल-पहल काफी कम दिखाई दिया। वहीं शाम होते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई।

## सिवान : 5897.81 करोड़ की लागत से बनने वाले 28 योजनाओं की सौगात



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत पचरुखी प्रखंड के जसौली खर्ग पहुंचे। जहां सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य मंत्रियों व एनडीए के नेताओं ने उन्हें बुके देकर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इसके बाद जिला पुलिस बल के जवानों ने गार्ड आफ आनर दिया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री सीएम व डिप्टी सीएम के साथ रथ पर सवार होकर उपस्थित लोगों के बीच पहुंचे और उनका अभिवादन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचें, जहां मंच पर उपस्थित केंद्रीय मंत्रियों, राज्य सरकार के मंत्रियों व विधायकों से मिले। साथ ही मंच से भी हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान लोग अपने हाथों में आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय व मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। सर्वप्रथम सीएम सहित डिप्टी सीएम ने उन्हें बुके व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पीएम को महेंद्रानाथ धाम की स्मृति चिह्न भेंट की। वहीं स्थानीय चित्रकार रजनीश कुमार ने टेराकोटा से संबंधित स्मृति चिह्न दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित आवासन और शहरी कार्य, जल शक्ति, ऊर्जा एवं रेल मंत्रालय से संबंधित 5897.81 करोड़ की लागत वाले 28 योजनाओं का शिलान्यास/उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें पीएम अमृत योजना 2.0 के तहत 2183.18 करोड़ की लागत के 11 योजनाओं का शिलान्यास, नमामी गंगे के तहत कुल 2639.97 करोड़ की कुल 10 योजना का उद्घाटन व शिलान्यास, 1826.71 करोड़ की छह योजना का उद्घाटन व 813.26 करोड़ की चार योजना का शिलान्यास शामिल हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत दूसरे चरण के 53 हजार 666 लाभार्थियों के लिए पहली किश्त की राशि 536.66 करोड़ रुपये हस्तांतरित की गई। इसके अलावा 6684 लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही ऊर्जा विभाग के तहत 135 करोड़ की लागत से बनने वाले योजना का शिलान्यास पीएम द्वारा किया गया। साथ ही साथ पूर्व मध्य रेलवे के 403 करोड़ की योजना का उद्घाटन तथा तीन परियोजनाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया है।

## चित्रकार रजनीश ने प्रधानमंत्री के स्वागत में भेंट की सिवान की पारंपरिक कला की तस्वीर



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जसौली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को युवा चित्रकार सह चित्रकला शिक्षक एवं आराध्या चित्रकला केंद्र से रजनीश कुमार मौर्य ने पारंपरिक सिवान की कला टेराकोटा अर्थात मृणपात्र के प्रतीक हस्तकला भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री रजनीश की कला से काफी प्रभावित हुए तथा उनकी कला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रजनीश की कलाकृति से प्रभावित होकर उनकी खूब प्रशंसा की। युवा चित्रकार ने बताया कि एक समय था जब विशेष कर सिवान में मिट्टी के बेहतरीन बर्तन बनाने की कला विद्यमान थी जिस पर ज्यामितीय चित्रकारी भी होती थी। बर्तन को बनाने के लिए कपड़छन विधि से तैयार की गई विशेष मिट्टी प्रयोग की जाती थी, बने मिट्टी के मृणपात्र को किसी बड़े पात्र के अंदर बने हुए मृणपात्रों को रखकर बड़े पात्र को सील कर दिया जाता था, आग में तपने के पश्चात मृणपात्र काला और चमकदार बनकर निकलता था। इसके बाद ज्यामितीय संरचनाओं की सहायता से पक्की पेंटिंग की जाती थी, जिसमें सबसे लोकप्रिय पात्र मिट्टी की सुराही थी। उन्होंने बताया कि आज भी पटना के म्यूजियम में सिवान की बनी हुई मिट्टी के बर्तन संरक्षित है। ऐसा माना जाता है कि यह कला बड़े-बड़े व्यक्ति, राजाओं को उपहार स्वरूप भेंट करने के लिए प्रचलित था, मुगल काल में यहां से ईरान फारस तक यहां के मृणपात्र जाते थे, अंग्रेजी सरकार ने भी इसे खूब प्रोत्साहित किया तथा ब्रिटेन में भी सिवान का मिट्टी का सुराही जाता था, लेकिन आधुनिक युग आते-जाते इसकी महत्ता कम होते गई और आज बनाने की विशेष विधि विलुप्त हो चुकी है। युवा चित्रकार ने गहन अध्ययन कर विलुप्त विद्या को पुनः स्थापित करने का राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किया तथा आज प्रधानमंत्री को यह पुरातन उपहार देकर काफी हर्षित है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा रजनीश की प्रशंसा किए जाने पर पुरातत्त्व विभाग के अधिकारी डा. शंकर शर्मा, जेएन तिवारी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, चित्रकला शिक्षक अविनाश कुमार गुप्ता, रामेश्वर सिंह तथा जिले के प्रबुद्ध जनों एवं चित्रकला प्रेमियों ने रजनीश को बधाई दी।